**विधान परिषद् के द्‌वितीय सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्‌वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न <u>संख्या-05 का उत्तर</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 5 (क) क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं/बच्चों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने एवं उनके सर्वागीण विकास हेतु महत्वांकांक्षी योजना खेलो इण्डिया योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अवस्थापना सुविधाओं का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनपद हरदोई, विकास खण्ड-माधौगंज के ग्राम सभा समुखा में युवा कल्याण विभाग को 08 बीघा के, लगभग नि:शुल्क भूमि वर्ष 2006 में आवंटित कर युवा कल्याण विभाग, हरदोई के नाम अभिलेखों में अंकित कराते हुए हस्तगत कर दी गयी थी, जिला स्तर पर मिनी स्टेडियम/खेल के मैदान के रूप में विकसित करने हेतु सर्वे कराकर आगणन तैयार कराया गया था ? | जी हॉ। |
| (ख) यदि हॉ, तो क्या जनपद हरदोई, विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम सभा समुखा में युवा कल्याण विभाग हरदोई के नाम अभिलेखों में अंकित उक्त भूमि पर अभी तक उक्त स्थान पर मिनी स्टेडियम/खेल के मैदान/अन्य क्रीड़ा आदि से सम्बन्धित प्रचलित ग्रामीण योजना के अन्तर्गत योजना में चयनित कर जनहित में विकसित किये जाने हेतु आगणन तैयार कर उक्त मैदान में खेल अवस्थापना सुविधाओं से सुसज्जित कराया जायेगा ? | जी हॉ। |

| | |
|---|---|
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक तथा कितना आगणन बनाया/स्वीकृत किया गया है ? | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण हेतु रू.718.28 लाख का आगणन बनाया गया है तथा उक्त आगणन को खेलो इण्डिया योजना के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करने हेतु दिनांक 23 अप्रैल, 2025 को भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। |
| (घ) शासन में उक्त प्रस्ताव कितने वर्षों से लम्बित है तथा लम्बित प्रस्ताव पर ग्राम सभा-समुखा में ग्रामीण मिनी स्टेडियम/खेल अवस्थापना /खेल क्रीड़ा मैदान आदि सरकार द्वारा संचालित किसी योजना में चयनित कर क्रीड़ा सम्बन्धी सुविधाओं से उक्त क्षेत्र के बच्चों को लाभान्वित करायेगें ? | भारत सरकार की खेलो इण्डिया की गाइड लाइन्स के अनुसार जिलाधिकारी, हरदोई के पत्र दिनांक 03 मार्च, 2025 द्वारा प्रस्ताव महानिदेशालय को प्राप्त हुआ था, जिसे महानिदेशालय के पत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2025 द्वारा शासन को भारत सरकार भेजे जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। शासन के पत्र दिनांक 23 अप्रैल, 2025 द्वारा भारत सरकार को खेलो इण्डिया योजना के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। भारत सरकार से अभी तक प्रस्ताव की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। |

**गिरीश चन्द्र यादव**
**राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)**
**युवा कल्याण विभाग**